## कलेक्टर ने छात्रावास रामा का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित विद्यार्थियों पर जताई नाराज़गी



झाबुआ। कलेक्टर डॉ.योगेश तुकाराम भरसट द्वारा आज जनजातीय सीनियर उ.बालक छात्रावास, रामा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में एक भी छात्र उपस्थित नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराज़गी व्यक्त की।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी विद्यार्थियों को अगले दिवस तक छात्रावास में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराया जाए। साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावकों को समझाइश देने एवं काउंसलिंग करने के निर्देश दिए गए, ताकि उन्हें अवगत कराया जा सके की अप्रैल माह में भी कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है।

कलेक्टर ने एसडीएम झाबुआ को छात्रावास में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रामा क्षेत्र के अन्य छात्रावासों में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने बीईओ रामा एवं संबंधित छात्रावास वार्डन को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया की विद्यार्थियों की शिक्षा एवं उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा इस संबंध में सतत निगरानी रखी जाएगी। इस दौरान सहायक कलेक्टर आशीष कुमार, एसडीम झाबुआ महेश मंडलोई, तहसीलदार रामा वैशाली सोलंकी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### महिला की अस्मिता से खिलवाड़...

# मुंडन कर कंधे पर पति को बैठाकर घुमाया

झाबुआ। महिला सम्मान और मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला काकनवानी थाना क्षेत्र के ग्राम बालवासा से सामने आया है। यहां एक महिला को कथित आरोपों के आधार पर उसके ही पति और अन्य लोगों द्वारा सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। इस घटना ने न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा कर दी है।



जानकारी के मुताबिक, काकनवानी थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला पर आरोप था कि वह किसी अन्य शख्स के साथ चली गई थी, जिसके बाद उसे %सजा% के तौर पर यह प्रताड़ना दी गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला अपने पति को कंधे पर उठाकर गांव की गलियों में चल रही है।.

जानकारी के अनुसार, महिला का जबरन मुंडन कर उसके बाल काट दिए गए और अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए उसके पति को महिला के कंधे पर बैठाकर पूरे गांव में घुमाया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे, जो समाज की संवेदनहीनता को भी उजागर करता है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की। काकनवानी थाना पुलिस ने इस मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया है, वहीं 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज

#### पुलिस का बड़ा एक्शन, 10 पर केस चार को भेजा जेल

दिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान अन्य नाम भी सामने आ सकते हैं।

#### यह पहली घटना नहीं:

गौरतलब है कि इस क्षेत्र में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले ग्राम देवीगढ़ पंचायत में भी महिला के साथ इसी प्रकार की अमानवीय घटना सामने आई थी, जिसमें कई आरोपियों को जेल की हवा खानी पड़ी थी। इसके बावजूद इस तरह की घटनाओं का दोहराया जाना प्रशासन और समाज दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। एडिशनल एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया ने कहा कि थाना काकनवानी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालवासा में महिला के साथ हुए इस अमानवीय कृत्य को गंभीरता से लेते हुए

अपराध क्रमांक 96/2026 धारा 74, 76, 85, 296(ए), 115(2), 351(3), एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

इस पूरे मामले की पुष्टि करते हुए महिला की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार आरोपी:-

सूर्या पिता रसिया डामोर (ग्राम पलाशडोर) दिलीप पिता बाबू भूरिया (ग्राम बालवासा) बाबू भूरिया पिता गोवर्धन (ग्राम बालवासा) शैलेश पिता परथिग भूरिया (ग्राम बालवासा)

यह घटना एक बार फिर समाज को आईना दिखाती है कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा केवल कानून ही नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर शहीद छीतू किराड़ शासकीय महाविद्यालय आलीराजपुर सभागार में भव्य आयोजन

### कार्यक्रम में शिक्षा, समानता का दिया संदेश

आलीराजपुर। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहीद छीतू किराड़ शासकीय महाविद्यालय, आलीराजपुर के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्रीमती अनीता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती अनीता चौहान ने कहा कि बाबा साहेब का शिक्षा के लिए किया गया संघर्ष अतुलनीय है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए और संविधान निर्माता के रूप में देश को समानता का अधिकार दिलाया। उन्होंने सभी से अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि जिले में महिलाओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यह अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के जीवन और उनके आदर्शों को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उन्होंने संविधान के माध्यम से देश को मौलिक अधिकार प्रदान किए और समानता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने विभिन्न देशों के संविधान का अध्ययन कर भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था तैयार की। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने आगे कहा कि बाबा साहेब का यह विचार कि पैर में जूते हो न हो, हाथ में किताब होना चाहिए आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने सभी से उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को बाबा साहेब द्वारा दिलाए गए अधिकारों का सही उपयोग करते हुए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेवली, जिला अध्यक्ष श्री मकू परवाल, श्री रिंकेश तंवर, भदू पचाया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर जी की जयंती पर प्रतिमा किया माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित की

थांदला। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर थांदला क्षेत्र में श्रद्धा और सम्मान का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर आर्यावृत पत्रकार संघ, थांदला द्वारा वागड़िया फलीया स्कूल के पास स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान संघ के तहसील अध्यक्ष धीरज वाघेला ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन में समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने एक ऐसे संविधान का निर्माण किया जो सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सदैव प्रेरणादायक बनी रहेगी।

पत्रकार इमरान खान ने अपने वक्तव्य में कहा कि बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही हम सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके सपनों का समतामूलक और सशक्त भारत बनाने में अपना योगदान देंगे। यह दिन केवल जयंती मनाने का नहीं, बल्कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें अपने जीवन में उतारने का है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे, जिनमें धीरज वाघेला, राजू धानक, इमरान खान, विवेक व्यास, मनीष वाघेला, कुलदीप वर्मा, नीलिमा डाबी, पपेश डामोर, पिंकी पाठक, माधुरी धानक, मोहन भाई, राहुल वाघेला, राजेश डाबी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

कार्यक्रम का समापन बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ किया गया।

## व्यायाम शाला के खिलाड़ियों ने जीते मेडल



झाबुआ। संभाग स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 11-12 अप्रैल को इंदौर में आयोजित की गई थी जिसमें झाबुआ जिले के खिलाड़ियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। जय बजरंग व्यायाम शाला की प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रियांशी गुड़िया ने गोल्ड मेडल जीतने के साथ-साथ बेस्ट बॉक्सर का खिताब भी अपने नाम किया। वहीं बालक वर्ग में सौरभ मावी ने गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि अमित और माइकल मावी ने सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर खिलाड़ी गुलाबसिंह गुंडिया ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सफलता के पीछे जय बजरंग व्यायाम शाला की मजबूत प्रशिक्षण परंपरा और समर्पण की बड़ी भूमिका रही। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने गुरु स्व. सुशील वाजपेई को दिया, जिनकी मेहनत और मार्गदर्शन के कारण आज क्षेत्र के बच्चे खेलों में आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाई को छू रहे हैं । व्यायाम शाला के अध्यक्ष उमंग सक्सेना, सुनीता सुशील वाजपेई, यशवंत भंडारी, मनीष व्यास, प्रदीप रूनवाल, नीरज राठौर, बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष प्रकाश चौहान, सचिव दिनेश खराड़ी आदि ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान 2026

## जल संरक्षण के कार्यों का कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने किया निरीक्षण

### गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

आलीराजपुर। जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत किए जा रहे कार्यों का कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थलों पर चल रहे कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

निरीक्षण की शुरुआत चंद्रशेखर आजाद नगर के पुजारा फलिया बेहडवा में बावड़ी जीर्णोद्धार कार्य से हुई, जहां कलेक्टर ने कार्य को और अधिक गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद झीरण में रिचार्ज पिट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। यहां कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित इंजीनियर, सचिव एवं सरपंच को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में सुधार लाया जाए।

निरीक्षण के अगले क्रम में बरझर जनपद पंचायत में जनसहयोग से किए जा रहे बोरी बंधान कार्य का निरीक्षण किया गया,जिसकी प्रगति संतोषजनक पाई गई। इसके पश्चात सेजवाड़ा तालाब गहरीकरण कार्य का भी अवलोकन किया गया जोकि सन्तोषजनक था किंतु कार्य को और अधिक बेहतर और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसे सभी विभागों को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना चाहिए। उन्होंने सभी से जल संरक्षण और संचयन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री निधि मिश्रा, सुश्री दीपिका पाटीदार, एसीईओ, जनपद पंचायत सीईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर नारी शक्ति पदयात्रा से गूंजा सशक्तिकरण का संदेश

आलीराजपुर। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्टर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, जिला अध्यक्ष श्री मकू परवाल, श्री रिंकेश तंवर, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर श्री तपिस पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर कार्यालय में समस्त अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। साथ ही समस्त अतिथि नारी शक्ति के साथ पदयात्रा में शामिल हुए।

पदयात्रा के माध्यम से महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जागरूकता संदेश दिया तथा सशक्तिकरण के नारों से पूरे वातावरण को ऊर्जावान बनाया। पदयात्रा ने समाज में महिलाओं की भागीदारी, अधिकारों एवं सशक्तिकरण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी संदेश दिया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर शासन निर्देशानुसार विकासखण्ड स्तरीय समारोह का आयोजन

झाबुआ। आज दिनांक 14 को मेघनगर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर शासन निर्देशानुसार विकासखण्ड स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी से लेकर आम नागरिक तक उपस्थित रहे।



डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर शासन निर्देशानुसार विकासखण्ड स्तरीय समारोह में सुश्री अवन्धती प्रधान अनुविभागीय आधिकारी राजस्व मेघनगर की अध्यक्षता में विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय मेघनगर के सभा कक्ष में आयोजित की गई। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नायब तहसीलदार मेघनगर, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास अधिकारी मेघनगर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मेघनगर, बीईओ मेघनगर, बीआरसी मेघनगर आदि वक्तावो ने बाबा साहेब के जीवन पर अपने वक्तव्य दिए और कहा कि डॉ.बीआर अंबेडकर वो शख्स हैं जिन्होंने भारत को उसका संविधान दिया और कोई भी देश बिना संविधान नहीं चल सकता है, उन्होंने हमेशा समानता की बात की फिर चाहे वह मानवों के बीच समानता की बात हो या फिर कानून के समक्ष समानता की हो, डॉ.अंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, अगर हमारे पास शिक्षा, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प है, तो हम किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं, उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे, ऐसे में अंबेडकर जयंती सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपनाने और एक समान, न्यायपूर्ण और जागरूक समाज बनाने का संकल्प लेने का दिन है।

कार्यक्रम में निबन्ध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता विभिन्न संस्थाओं के विद्यार्थीयो को सम्मानित किया गया। नगर परिषद के सफाईकर्मियों का सम्मान किया गया।

महिला बाल विकास अंतर्गत 10 लाडली लक्ष्मियो को प्रमाण पत्र वितरित किये गये, कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार बन्धु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हम सब प्रशिक्षण वर्ग में वैचारिक रूप से मजबूत बनने के लिए आए हैं---दौलत भावसार

झाबुआ निप्र झाबुआ विधानसभा क्षेत्र के कल्याणपुर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा अभियान प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया। प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय सत्र में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष दौलत भावसार द्वारा वैचारिक अनुष्ठान विषय पर वर्ग में उपस्थित मंडल के पदाधिकारी जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि और अपेक्षित कार्यकर्ता का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर भावसार ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के जितने भी राजनीतिक दल है उनका अपना कोई विचार दर्शन या अनुष्ठान नहीं है सिर्फ और सिर्फ वह सभी दल सत्ता प्राप्ति हेतु संघर्ष करते हैं सत्ता प्राप्ति के पश्चात उसे भोगने का काम भ्रष्टाचार का काम सृष्टि कारण का काम और देश का विभाजन का कार्य जैसे कार्य करते हैं

ठीक इसके विपरीत देश में भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो वैचारिक अनुष्ठान के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद दर्शन को लेकर संगठन और सत्ता के स्तर पर कार्य करता है

भाजपा का विचारक अनुष्ठान 1951 में जनसंघ के रूप में प्रारंभ हुआ था जो निरंतर आगे बढ़ते हुए 6 अप्रैल 1980 को भाजपा के रूप में तब्दील होकर पंडित जी द्वारा बताए गए दर्शन को लेकर अब आगे बढ़ रहा है

हम सब सौभाग्यशाली कार्यकर्ता है की विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता के रूप में हमें कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं का बौद्धिक विकास नेतृत्व विकास एवं एक योग्य कार्यकर्ता बनाने की दिशा में काम चल रहा है हम इन वर्गों के माध्यम से विभिन्न विषयों में अपने आप को शिक्षित दीक्षित एवं प्रशिक्षित कर अपने-अपने क्षेत्र में जाएंगे तो एक अलग पहचान आप लोगों की बनेगी इसलिए इन वर्गों का बहुत महत्व है

प्रदेश के भाजपा संगठन की दृष्टि से 1029 मंडलों में इस प्रकार के वर्ग मंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं

संपूर्ण देश में भाजपा के केंद्र की सरकार और देश के 21 प्रदेश में पंडित जी द्वारा बताए गए दर्शन में अंत्योदय को लेकर जनता जनार्दन का सर्वांगीण विकास करने में प्रयास कर रही है

पंडित जी द्वारा बताए गए दर्शन को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में भारत को विकसित बनाने की दिशा में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तथा भारत को गुलाम मानसिकता से मुक्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास में लगे हैं

वैचारिक अनुष्ठान सत्र के अध्यक्षता कल्याणपुर क्षेत्र के जनसंघ के जमाने के कार्यकर्ता धीरज बुंदेला ने की

कल्याणपुर मंडल द्वारा आयोजित वर्ग में अन्य सत्रों में

शैलेश दुबे भानु भूरिया आरती भनपुरिया लक्ष्मण सिंह नायक सांसद अनीता चौहान आदि द्वारा अपने-अपने विषयों पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का मार्गदर्शन कर उन्हें प्रशिक्षित करने का प्रयास किया।

वर्ग के समापन पर राष्ट्रगान का सामूहिक गान हुआ

वर्ग में पूर्व जिला अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद बामनिया धीरज बुंदेला लक्ष्मण सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष भटेवरा महामंत्री चौहान सहित मंडल के पदाधिकारी जिले के पदाधिकारी और जनप्रतिनती के रूप में पांच सरपंच जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य और उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।